तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025

12 प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना बहुत जरूरी



12 अनुशासन से किए गए कार्य में अवश्य मिलती है सफलता



## खबर संक्षेप

### संपत सिंह की बयानबाज़ी व्यक्तिगत स्वार्थ से भरी

**हिसार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल मान नलवा ने पूर्व मंत्री प्रो. संपत सिंह द्वारा कांग्रेस पार्टी और वरिष्ठ नेताओं पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है। मंगलवार को कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि संपत सिंह का पूरा राजनीतिक सफर अवसरवाद और व्यक्तिगत स्वार्थ का प्रतीक रहा है। अनिल मान ने कहा कि 2009 में जब प्रो. संपत सिंह ने इनेलो पार्टी उस समय छोड़ी, जब पार्टी को उनकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन पर विश्वास जताया, उन्हें नलवा से टिकट दिया और विधायक बनाया।

### डीएन कॉलेज के छात्रों ने बॉस्केटबाल में जीता गोल्ड

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय की बॉस्केटबाल टीम (गर्ल्स) व बेडमिंटन (ब्वायज) टीम ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में भाग लिया व उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया। बॉस्केटबाल टीम की चार लड़कियों का ऑल इंडिया के लिए चयन हुआ और बैडमिंटन (ब्वायज) में आयुष लौरा का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए हुआ। बॉस्केबाल टीम में पांच खिलाड़ी भारती, निशा, पूर्वा, भावना तथा रोमा ने इस खेल में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### गुजवि के शिक्षकों की उल्लेखनीय उपलब्धि

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित प्रतिष्ठित ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ एकेडमिक नेटवर्क्स (जीआईएएन) अर्थात 'ज्ञान योजना' के पांचवें चरण में उत्कृष्ट भागीदारी दर्ज कराई है। इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से कुल 19 कोर्स कोऑर्डिनेटर्स ने 24 प्रस्ताव सफलतापूर्वक प्रस्तुत करते हुए ऑनलाइन अपलोड किए हैं।

### गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हिसार।** गुरू दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में हरियाणा इंस्टीटयूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (हिपा) द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में संस्थान के ग्रुप डी एवं एचकेआरएनएल के कुल 34 स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की कॉरडिनेटर गरिमा अहलावत ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिपा से आए विशेषज्ञों एचसीएस हरि राम, प्रधानाचार्य तथा डॉ. विपुल शर्मा, डीएनएस चहल, डॉ. ताज मनचंदा, डॉ आरके पटेल द्वारा स्टाफ सदस्यों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थय, साइबर अपराध, एचसीएस कंडक्ट रूल्स 2016, कौशल व तनाव प्रबंधन तथा प्रशासन में नैतिकता व मूल्य जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया।

## नशा प्रभावित क्षेत्र अंबेडकर बस्ती में पुलिस की छापेमारी

# नशे के कारण हो रही मौतों के बाद एक्शन में दिखी खाकी

**आरोपियों से 75.9 ग्राम हेरोइन व 2.96 लाख रुपये नकद बरामद**


**नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार में संलिप्त 6 महिलाएं गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में नशे के कारण हो रही मौतों के बाद मंगलवार को पुलिस पूरी तरह से एक्शन में दिखाई दी। पुलिस द्वारा नशा प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस उप अधीक्षक तनुज शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को अंबेडकर बस्ती में एक संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

इस अभियान में सीआईए टीम, स्पेशल ब्रांच, नशा निरोधक टीम एवं थाना सिटी हिसार पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार में संलिप्त 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कुल 75.9 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) तथा 2,96,490 रुपये नकदी बरामद की है। यह नकदी नशीले पदार्थों की बिक्री से अर्जित की गई थी।

पुलिस ने आरोपी पिंकी उर्फ विकी निवासी लोहचंब जींद, हाल अंबेडकर बस्ती से 8.34 ग्राम हेरोइन, तनु निवासी अंबेडकर बस्ती से 8.62 ग्राम हेरोइन एवं 1,46,290 नकदी, कविता उर्फ किताबों उर्फ काली से 8.22 ग्राम हेरोइन एवं 1,50,200 नकदी, रीना से 29.47 ग्राम हेरोइन तथा एक अन्य रीना से 10.63 ग्राम हेरोइन, ज्योति से 10.62 ग्राम हेरोइन बरामद कर गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी हिसार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये महिलाएं किन सप्लायरों या नेटवर्क से जुड़ी हुई थीं तथा नशे की सप्लाई चेन को कहां तक विस्तारित किया गया था।



**हांसी।** डॉग स्क्वॉड टीम के साथ सर्च अभियान चलाते पुलिस अधिकारी।

### डॉग स्क्वॉड के साथ हांसी पुलिस ने चलाया नशा तस्करों के विरुद्ध विशेष सर्च अभियान

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप सोमवार को एक खाली प्लाट में एक युवक का शव मिलने के बाद पुलिस जिला हांसी में मंगलवार को नशा तस्करों के विरुद्ध डॉग स्क्वॉड टीम के साथ एक विशेष सर्च अभियान चलाया गया। खाली प्लाट में मिले युवक के शव के पास पुलिस को मात्रा में नशीले इंजेक्शन व सीरिंज बरामद हुई थी और आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नशे की ओवरडोज के कारण हुई थी। सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने शहर व सदर थाना हांसी, बास व नारनौंद सहित पुलिस जिला के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संदिग्ध ठिकानों, ढाबों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, पार्कों, सुनसान गलियों तथा खाली पड़े खंडहर स्थानों पर विशेष चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने नशा तस्करों के संभावित ठिकानों की तलाशी ली, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और वाहनों की गहन जांच की। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि नशे जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नशा तस्करों को पकड़ना, असामाजिक तत्वों पर नकेल कसना तथा आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करना है।

### कार्रवाई जारी रहेगा : एसपी



पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि हिसार पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई एक बड़ी सफलता है। नशे का अवैध कारोबार समाज की जड़ों को कमजोर करता है। ऐसे तत्वों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। किसी भी व्यक्ति को नशे के व्यापार या सेवन की अनुमति नहीं दी जाएगी। हमारी प्राथमिकता है हिसार को नशामुक्त बनाना। पुलिस जनता से भी अपील करती है कि यदि किसी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री या सेवन की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपकी एक सूचना कई युवाओं के जीवन को बचा सकती है।

**शशांक कुमार सावन, एसपी, हिसार।**



**हिसार।** जिला स्तरीय एनकॉर्ड तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव।

### डीसी ने दिए नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने पुलिस व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरूद्ध कडी कार्रवाई करने की हिदायत देते हुए कहा कि ऐसे लोग पैसों के खातिर युवाओं की जिंदगी बर्बाद करते है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी की भी मृत्यु का कारण नशीले पदार्थों का सेवन होना पाया जाता है तो न केवल इसका पूरा ऑडिट होना चाहिए बल्कि ड्रग पैडलर की पहचान कर उसके विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। मंगलवार को जिला स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय समिति (एनकोर्ड) तथा पीसीपीएनडीटी व एमटीपी एक्ट की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अवगत करवाया गया कि नशा प्रभावित व्यक्तियों को फोन लगाकर उनकी काउंसिलिंग के साथ-साथ प्रतिक्रिया भी ली जाती है। अभी तक लगभग 26 ड्रग पैडलर के संबंध में सूचनाएं मिली हैं। अधिकतर सूचनाएं अंबेडकर बस्ती तथा पीरावाली क्षेत्र से संबंधित है।



**हिसार।** ग्रामीणों से मुलाकात करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### किसान खेतों में जलभराव से आहत : दुष्यंत

हिसार। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को जिले के कई गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस बीच वे नलवा हलके के गांव शाहपुर पहुंचे। उन्होंने वहां ग्रामीणों व किसानों से बातचीत की। इस दौरान ग्रामीणों से फसल की खरीद, पानी निकासी व खाद बीज की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की। किसानों ने बताया कि दो महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पानी जस का तस है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीणों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं के निदान के लिए सरकार के समक्ष आवाज उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए ये बेहद ही चिंतनीय विषय है कि कृषि प्रधान हरियाणा का किसान खेतों में जलभराव और फसलों की खरीद को लेकर आहत है। इस मौके पर जिला प्रधान अमित बूरा, मास्टर ताराचंद, हलका प्रधान राजेश झाझड़िया, सुनील मूड, अजीत, कृष्ण गंगवा, मनदीप बिश्नोई, धर्मसिंह घोसला, सुभाष बैनीवाल, रमेश बैनीवाल, बिजेंद्र धानक, तरूण गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



**हिसार।** आयोजन की जानकारी देते श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल पदाधिकारी।

### श्री राधा नाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन कल से

**हिसार।** श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल द्वारा तीन दिवसीय श्री राधा नाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 6 से 8 नवंबर तक बिश्नोई मंदिर मे बडे हर्षोल्लास के साथ मनाने जा रहा है। श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल के कार्यकारणी सदस्यों व मुख्य सेवादार अभज बजाज, कृष्ण अरोड़ा, शुभम वलेचा, लोकेश लक्की अनेजा, सुभाष टीनू अहुजा व विनोद रहेजा ने बताया कि 6 नवम्बर को सायं 8 बजे से भैया मनीष चौहान जी अपनी रसमयी वाणी द्वारा श्री प्रिया प्रियतम का गुणगान करेंगे। अगले दिन वैष्णव को मंत्रमुग्ध करने श्री गिरिराज जी की तल्हेटी से ब्रज रस अनुरागी दीदी पूर्णिमा साध्वी पधारेगी और अंतिम दिन 8 नवम्बर को कृष्ण दास (सिरसा) अपनी वाणी से श्रद्धालुओं को मोहित करेंगे। इस उत्सव में श्री वृंदावन से श्री गोसाई गण एवं सखी समाज भी पधारेगा। अंतिम दिन कीर्तन के उपरांत सभी के लिए श्री जी की रसोई से विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

## आईपीएस के रिश्तेदार की धौंस जमाने वाले का काटा चालान

- पुलिस ने वाहन चालक का 6500 रुपये का चालान काटा और उसके हाथ में थमा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने और ऊपर से सीएम के ओएसडी आईपीएस पंकज नैन का रिश्तेदार बताकर पुलिस पर धौंस जमाना एक वाहन चालक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक का 6500 रुपये का चालान काटा और उसके हाथ में थमा दिया।

उधर, आईपीएस पंकज नैन ने खुद फोन करके स्पष्ट किया कि चालक मेरा रिश्तेदार नहीं है। जानकारी के अनुसार नागोरी गेट के बाहर नो पार्किंग में एक गाड़ी खड़ी थी। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू चलाने के लिए वहां तैनात पुलिस कर्मचारियों ने गाड़ी पर लगी नंबर प्लेट से उसकी डिटेल निकाली।

उसमें पता चला कि गाड़ी जींद के किसी शमशेर सिंह नामक व्यक्ति के नाम पंजीकृत है। शमशेर सिंह का कार चालक बिल्लू नागोरी गेट पर दुकान से पकौड़े लेने आया था। गाड़ी के कारण वहां पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस टीम ने नो पार्किंग में खड़ी गाड़ी की वीडियो बनाने शुरू कर दी। वीडियो को लेकर कार चालक ने विरोध किया और पुलिस पर धौंस जमाते हुए कहा कि वह सीएम नायब सैनी के ओएसडी आईपीएस पंकज नैन का रिश्तेदार है। आईपीएस पंकज नैन का नाम आते ही मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी और मामला आईपीएस नैन की भी जानकारी में डाला गया। आईपीएस नैन ने स्पष्ट कहा कि गाड़ी चालक मेरा रिश्तेदार नहीं है। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी का 6500 रुपए का चालान काट दिया। इसी बीच कुछ लोगों ने पूरे मामला का वीडियो बना लिया और बाद में उसे वायरल भी कर दिया।

उधर, डीएसपी ट्रैफिक तनुज शर्मा ने कहा है कि कानून सबके लिए समान है। चाहे कोई किसी पद पर हो या किसी का परिचित यदि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया जाएगा तो कार्रवाई निश्चित है।हिसार पुलिस नियमों का पालन करवाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### स्क्रैप व्यापारी से लूट की सूचना निकली झूठी व्यापारी मिला सकुशल

**बरवाला।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार शाम प्राप्त स्क्रैप व्यापारी से लूट की सूचना को कुछ ही घंटों में सुलझा लिया। जांच में सामने आया कि यह सूचना झूठी थी और किसी प्रकार की कोई वारदात नहीं हुई। टीम प्रभारी उप निरीक्षक धर्मवीर ने बताया कि पुलिस को मौखिक सूचना मिली थी कि गांव नंगथला के पास एक स्क्रैप व्यापारी से लूट की घटना हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि बरवाला निवासी दीपक जो स्क्रैप का व्यापारी है। वह सिरसा से स्क्रैप बिक्री के लगभग 31 लाख लेकर हिसार लौट रहा था। रास्ते में नंगथला के पास उसका मोबाइल फोन बंद हो गया, जिससे परिजनों से संपर्क नहीं हो सका और लूट की आशंका जताई गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए व्यापारी दीपक को सकुशल बरामद किया। उसकी जान-माल पूरी तरह सुरक्षित पाई गई और किसी भी प्रकार की लूट या वारदात नहीं हुई।




## राजकीय महाविद्यालय बरवाला में दो दिवसीय एथलेटिक चैंपियनशिप का समापन

# दीपक व तनीषा रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय 17वीं वार्षिक एथलेटिक खेलकूद चैंपियनशिप का समापन उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के दीपक तथा लड़कियों में बीए प्रथम वर्ष की तनीषा ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। इस चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय, उगालन के प्राचार्य दलबीर सिंह गिल ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं खेल प्रभारी द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र पत्र प्रदान किए। इस मौके पर खेल प्रभारी डॉ. रघु महेंद्र ने खेल उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



**बरवाला।** विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि, प्राचार्य व अन्य

### खेलकूद प्रतियोगिता के यह रहे परिणाम

गोला फेंक लड़के वर्ग में नरेश बी. काम.प्रथम वर्ष प्रथम और सुमित बी.ए.प्रथम वर्ष द्वितीय तथा नवीन बी.काम. द्वितीय वर्ष तृतीय रहे। गोला फेंक लड़कियां वर्ग में तनीषा बी.ए. प्रथम वर्ष प्रथम और अन्नू बी.ए. अंतिम वर्ष द्वितीय तथा सिमरन एम.काम.अंतिम वर्ष तृतीय रहीं। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ लड़कियों में तनीषा बी. ए. प्रथम वर्ष प्रथम और अनु बी .ए. द्वितीय वर्ष द्वितीय तथा मनखुश बी. ए. प्रथम वर्ष तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ लड़कों में प्रथम अनिल बीए प्रथम और द्वितीय अभिषेक बी. ए. प्रथम तथा तीसरे स्थान पर दीपक बी.ए. प्रथम रहा। 200 मीटर लड़कियों की दौड़ में आशु बी.ए. द्वितीय वर्ष प्रथम और तनीषा बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय तथा सिमरन एम.कॉम अंतिम वर्ष तृतीय स्थान पर रही।

### ट्रिपल जंप में अनु रही प्रथम

*ट्रिपल जंप लड़कियों में अनु बी.ए. तृतीय वर्ष प्रथम और तनीषा बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय तथा सिमरन एम. कॉम.अंतिम वर्ष तीसरे स्थान पर रही। ट्रिपल जंप लड़कों में अनिल बी.ए. प्रथम वर्ष प्रथम और प्रवीण बी.ए. प्रथम वर्ष द्वितीय तथा कपिल बी.ए. तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। रिले रेस 4 गुना100 मीटर लड़कियों में तनीषा, किरन, कुसुम व अनु की टीम प्रथम और आशु, ज्योति, सिमरन व गोमती की टीम दूसरे स्थान पर तथा मनसुख, आरती, पूजा व खुशी की टीम तीसरे स्थान पर रही।*




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफStyle

# यामी

## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। स्प्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को स्प्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है।



दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होंगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

***नई दिल्ली।*** *वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



### जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

### जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## खबर संक्षेप

### जागरूकता शिविरों में लोगों को करेंगे जागरूक

**हांसी।** उप मंडल विधिक सेवा समिति द्वारा आमजन में विधिक जागरूकता और समिति के कार्यों के प्रति जानकारी प्रदान करने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी अधिकारों, न्याय तक पहुंच और विधिक सेवाओं की उपलब्धता संबंधी जानकारी प्रदान करना है।

### 16,760 व्यक्तियों की हुई मलेरिया जांच

**हिसार।** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि अक्टूबर माह के दौरान जिले में 16 हजार 760 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का 1 केस सामने आया है। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी एकत्रित रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

### किसानों के लिए रबी फसलों के बीज की बिक्री प्रारंभ

**हिसार।** किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हरियाणा बीज विकास निगम लिमिटेड द्वारा हिसार यूनिट के सभी सेल काउंटरों पर रबी फसलों के बीज की बिक्री प्रारम्भ कर दी गई है। निगम द्वारा सरकार की सब्सिडी नीति के अंतर्गत प्रमाणित बीज रियायती दरों पर किसानों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। निगम के विभिन्न विक्रय केन्द्रों पर गेहूं, सरसों, चना, जौ आदि रबी फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।

### किसानों को 815 मशीनरी अनुदान पर दी जाएगी

**हिसार।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा आरकेवीवाई स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के अंतर्गत जिले में विभिन्न प्रकार के फसल अवशेष प्रबंधन की 815 अतिरिक्त मशीनें अनुदान देने की प्रक्रिया आरंभ की गई है। किसानों की मांग को देखते हुए यह प्रक्रिया निदेशालय द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार संपन्न की जाएगी। सहायक कृषि अभियन्ता गोपीराम सांगवान ने बताया कि यह मौका केवल पहले से ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों को दिया जायेगा।

### 42 बच्चों का रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए चयन

**हिसार।** जिले से पहली बार राज्य स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए 42 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। प्रदेश स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए 6 से कम आयु वर्ग में शिवटव और सार्थक, 6 से 8 आयु वर्ग में प्रणीत, कनिष्का, तेजस, हेमन्या, तनुष, अदबजोत, आद्रित बंसल, समायरा, जीविषा दलाल, 8 से 10 आयु वर्ग में कुश, ऋद्धि, दिव्यम, हरवीर, आरोही, तेजस, दिव्यम, युवाराज सिंह, 10 से 12 आयु वर्ग में रुत्विक, रीत, शिवम, समर्थ, पायस, तनिष्क, तनिष्का, अरुण राणा, 12 से 15 आयु वर्ग में दिवतेज, वृष्टि, तरूण, खुशी मामोदिया, मान्या, हर्षित पूनिया, नेहान, विआन, अभय, वर्णिका, वंश, 15 से 18 हिमांशु, प्रतीक तथा 18 से अधिक आयु वर्ग में संजय, पुण्य मल्होत्रा, खुशबू का चयन हुआ है।

## हकृवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

### टर्की, जापान, फ्रांस और डेनमार्क प्रतिनिधि हुए शामिल

# प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना बहुत जरूरी



**हिसार।** मंच पर उपस्थित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'संसाधन प्रबंधन, सतत कृषि, खाद्य, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य' (सफर) 2025 विषय पर आयोजित किए गए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए।

एचएयू एवं सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएसएआरएम) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन में टर्की, जापान, फ्रांस और डेनमार्क के प्रतिनिधियों सहित देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रिसोर्स मैनेजमेंट, इंडियन सोसाइटी ऑफ़ फॉरेज रिसर्च तथा एचएयू के वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान 8 मौखिक और 12 पोस्टर सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान बेहतर प्रस्तुति देने वाले 43 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि बदलते जनसंख्या और बदलते जलवायु परिदृश्य के बीच प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना बहुत जरूरी है। कृषि अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक खेती, नवीनीकरण ऊर्जा और पारिस्थितिक संतुलन को अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने सतत कृषि के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली और जैव उर्वरकों को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से शोध करने वाले छात्रों एवं वैज्ञानिकों को शोध की नई-नई तकनीकों की जानकारी मिलेगी व देश-विदेश से आए प्रख्यात वैज्ञानिकों से संवाद करके बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

### जलवायु परिवर्तन का व्यापक असर : डॉ. बागची

*सैलकुक युनिवर्सिटी टर्की से डॉ सैयदी अहमत बागची ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण मानव जीवन, कृषि एवं जैव विविधता पर व्यापक प्रभाव पड़ रहा है। इससे कहीं अधिक वर्षा और कहीं पर सुखे की स्थिति पैदा हो रही है जिसके कारण फसलों की बुवाई और उपज पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जापान से प्रोफेसर टाकुरो शीनानो ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का वैज्ञानिकों की सिफारिश के अनुसार प्रयोग करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में आयोजन सचिव व अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, कार्यक्रम संयोजक डॉ. एस.के. पाहुजा भी मौजूद रहे। मंच का संचालन जयंती टोकस ने किया।*

### प्रेजेंटेशन देने वाले वैज्ञानिकों को किया सम्मानित

प्रथम मौखिक सत्र में हकृवि के डॉ. राकेश पूनिया ने पहला तथा पीएयू लुधियाना के डॉ. सुरेंद्र संधू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दूसरे मौखिक सत्र में एकता ने पहला व डॉ कृष्णा रोलानिया ने दूसरा स्थान, तीसरे मौखिक सत्र में अंशु देवी ने पहला डॉ. राखी गुप्ता ने दूसरा, चौथे मौखिक सत्र में पूजा रानी ने पहला तथा मानसी श्योकंद ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार पांचवें मौखिक सत्र में हकृवि के माईक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ कमला मलिक ने प्रथम, डॉ शिखा मेहता ने दूसरा, छठे मौखिक सत्र में अफगानिस्तान की डॉ खतेरा ने पहला तथा हकृवि की डॉ वंदना ने दूसरा, सातवें मौखिक सत्र में डॉ दीपिका कलकल ने प्रथम तथा रूचिका चौधरी ने दूसरा स्थान हासिल किया। आठवें मौखिक सत्र में हकृवि के चारा अनुभाग के डॉ सतपाल ने पहला तथा पौध रोग विभाग के डॉ जगदीप सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।


**हांसी।** गुरु नानक देव जी प्रकाश उत्सव पर गुरुद्वारा साहिब में अरदास करते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### गुरु नानक देव जी का जीवन मानवता और समानता का प्रतीक : प्राचार्या

**हांसी।** श्री काली देवी विद्या मंदिर में मंगलवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर श्रद्धा और भक्ति के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ, जिसमें स्कूल के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अत्यंत सुंदर और अनुशासित रूप में भाग लिया। पंच प्यारों की अगुवाई में बच्चों ने "वाहेगुरु" के जयघोष के साथ विद्यालय परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण निर्मित किया। प्रभात फेरी के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा मधुर शबद कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी के मन को शांति और आनंद से भर दिया। इसके पश्चात नन्हे बालक-बालिकाएं गुरुद्वारा साहिब गए, जहां उन्होंने गुरु नानक देव जी के जीवन और उपदेशों के बारे में जाना तथा इस पवित्र अवसर के महत्व को समझा। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का जीवन मानवता, प्रेम और समानता का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में "जो बोले सो निहाल-सत श्री अकाल" के उद्घोष के साथ पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।

### जीएसटी सुधारों ने उपभोग आधरित विकास को नई ऊर्जा दी : बजाज

**हिसार।** भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की नॉन-बैंकिंग वित्तीय संस्था और बजाज फिनसर्व समूह का हिस्सा, बजाज फाइनेंस लिमिटेड ने कहा कि इस फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता कर्ज की मांग में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी ने पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसद अधिक संख्या में और 29 फीसद अधिक मूल्य के उपभोक्ता कर्ज वितरित किए हैं। बजाज फाइनेंस के चेयरमैन संजीव बजाज ने कहा कि सरकार के नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी सुधारों और आयकर की दरों में बदलावों ने भारत की उपभोग-आधारित विकास कहानी को नई ऊर्जा दी है। इन कदमों से रोजमर्रा की वस्तुएं अधिक सुलभ हुई हैं, जिससे लाखों मध्यम और निम्न आय वर्गीय परिवार आत्मविश्वास के साथ त्योहारी खरीदारी कर सके हैं।


**हांसी।** गुरु नानक देव जी जयंती पर प्रभात फेरी निकालते विद्यार्थी व अध्यापिकाएं।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मनाई गुरु नानक जयंती

**हांसी।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मंगलवार को गुरु नानक देव जी की जयंती पूरी श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई प्रभात फेरी से किया गया, जिसमें बच्चों ने गुरु वाणी का पाठ किया और पूरे विद्यालय परिसर के वातावरण को पवित्र बना दिया। बच्चों ने मधुर भजनों के माध्यम से गुरु नानक देव जी के उपदेशों और शिक्षाओं का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और गुरु जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें सांझा की। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन आनंद यादव ने गुरु नानक देव जी की आरती एवं पूजा अर्चना की तथा सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को गुरु पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सेवा का जो संदेश दिया, उसे जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बच्चों को गुरु जी के आदर्शों से प्रेरणा लेने और समाज में प्रेम, भाईचारे व सत्य के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## श्री सनातन धर्म कन्या विद्यालय में गुरु नानक जयंती मनाई


**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर सिंह गुरुद्वारा में अरदास करते करते स्कूली बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को प्रातः कालीन सभा में प्रथम सिख गुरु श्री गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के जीवन एवं उपदेशों पर भाषण व कविताएं प्रस्तुत की।

### पंजाबी भाषा शिक्षकों ने प्रकाश पर्व पर डाला प्रकाश

**हिसार।** गुरू नानक देव जी की जयन्ती को विश्व भर में सभी धर्म के लोगों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जाता है। सिख धर्म के लोग इसे प्रकाश पर्व के रूप में मनाते है।इसी के तहत जिले के पंजाबी भाषा अध्यापकों ने अपने स्कूल के बच्चों को गुरु नानक देव जी जीवन के बारे में बताया। राजकीय स्कूल मिर्जापुर में अध्यापिका मोनिका व राजकीय स्कूल टोकस में अध्यापिका निर्मला ने बच्चों को गुरु नानक जी के उपदेशों से बच्चों को अवगत करवाया। कक्षा दसवी की छात्राओं तनु व मन्नु ने सुबह प्रार्थना सभा में भजन प्रस्तुत किया व गुरु नानक जी का शुकराना किया। राजकीय कन्या स्कूल लाल सड़क हांसी में मंदीप कौर ने बच्चों को मूल मंत्र के पाठ के बारे में बताया।


**हिसार।** प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित


**उकलाना।** प्रकाश पर्व के मौके पर उपस्थित विद्यार्थी।

### कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में प्रकाश पर्व मनाया

**उकलाना।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, में श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के पावन उपदेशों और जीवन मूल्यों पर अपने विचार एवं प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत "मूल मंत्र" के सामूहिक उच्चारण से हुई। तत्पश्चात छात्रों ने गुरु नानक देव जी के सत्य, करुणा, समानता, सेवा और ईश्वर भक्ति के संदेशों का सुंदर वर्णन किया। छात्रों ने कार्यक्रम के बाद स्थानीय गुरुद्वारा साहिब का भ्रमण किया, अरदास में सहभागी बने और गुरु का प्रसाद ग्रहण किया।

### आरपीएस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रकाशोत्सव

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। कक्षा 7वीं आजाद के विद्यार्थियों हर्षा, इशिका खरब, प्राची, आरव, समरप्रीत, लक्की, फलक और अर्चित ने सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों "नाम जपो, किरत करो और वंड छको" पर आधारित कविता, विचार और भजन प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर स्कूल अध्यापक प्रभजोत ने अपने उद्बोधन में गुरु नानक देव जी के जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं को सांझा किया। वहीं गणित अध्यापिका शालू ने गुरु नानक देव जी की महिमा में एक मधुर भजन प्रस्तुत किया।



**हांसी।** नानक देव जी के उपदेश "नाम जपो, किरत करो और वंड छको" पर आधारित कविता पाठ करते विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

# हांसी में दो सफाई कर्मियों की मौत

- प्रशासन से मांगी रिपोर्ट, सेप्टिक टैंक में उतरने से गई थी दो की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने पिछले दिनों हांसी में होटल के सेप्टिक टैंक में उतरे दो कर्मचारियों की मौत होने पर स्वतः संज्ञान लिया है। दोनों कर्मियों की मौत पर आयोग ने होटल मालिक और प्रशासनिक अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामपुरा गांव के समीप स्थित एक होटल में कार्यरत दो कर्मचारियों गढ़ी निवासी सोमवीर तथा जमावड़ी निवासी वीरेंद्र को सीवर मोटर खराब होने पर बिना किसी सुरक्षात्मक उपकरण के सेप्टिक टैंक में उतरने के लिए मजबूर किया गया।

### सेप्टिक टैंक में उतरने के लिए किया बाध्य

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने जारी आदेश में कहा है कि प्राप्त हुई रिपोर्ट एवं प्रारंभिक जानकारी से ज्ञात होता है कि उक्त कर्मचारियों को बिना ऑक्सीजन सिलेंडर, गैस जांच या सुरक्षा उपकरणों के टैंक में उतरने के निर्देश दिए गए। मृतकों के परिवारों का आरोप है कि होटल प्रबंधन ने सुरक्षा मानकों और मानव गरिमा की अनदेखी करते हुए उन्हें खतरनाक टैंक में उतरने के लिए बाध्य किया।

### 6 सप्ताह में डीसी देंगे रिपोर्ट

मानव अधिकार आयोग ने हिसार उपायुक्त को निर्देशित किया है कि वे पूरे मामले की डिटेल रिपोर्ट 6 सप्ताह में आयोग को भेजें। जिसमें परिवार को उपलब्ध करवाई जानी वाली सहायता राशि के बारे में भी जिक्र होना चाहिए। वहीं हांसी एसपी को निर्देशित किया है कि वे 6 सप्ताह में बताएं कि इस मामले में दर्ज एफआईआर पर क्या कार्रवाई की गई। होटल मालिक के पास लाइसेंस था या नहीं, वहीं दूसरी औपचारिकताओं के लिए एमसी हांसी को भी लेटर लिखा गया है।

# हकृवि में कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज

- ग्रीको रोमन के 63 किलो में हिसार के रवि ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा ओलम्पिक संघ द्वारा मंगलवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों सहित प्रदेश भर से लगभग 700 पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। निदेशक एवं खेल प्रशिक्षक संजय मलिक ने बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम दिन हुए ग्रीको रोमन (लड़के) कुश्ती प्रतियोगिता के 130 किलोग्राम भार वर्ग में हुए मुकाबलों में रोहतक के निशांत ने स्वर्ण, अंबाला के राहुल ने सिल्वर, सोनीपत के अर्जुन ने कांस्य, तथा नारनौल के पीयूष कुमार ने द्वितीय कास्य पदक प्राप्त कियें। इसी प्रकार 63 किलोग्राम भार वर्ग में हुए मुकाबलों में हिसार के रवि ने स्वर्ण, झज्झर के कपिल दलाल ने सिल्वर, कैथल के राजीव ने कांस्य, तथा पानीपत के आर्यन मलिक ने द्वितीय कास्य पदक प्राप्त किए।


**हिसार।** कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभागियों के साथ।

### खेलों को बढावा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेल नर्सरियां और स्टेडियम बनाए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण आंचल के खिलाड़ियों को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। कुश्ती हमारे देश का प्राचीन और लोकप्रिय खेल है। कुश्ती को वीरता, शक्ति और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। यह न केवल शरीर को मजबूत बनाती है बल्कि अनुशासन, संयम और आत्मविश्वास भी सिखाती है।

### आरडीएम स्कूल में श्रद्धा से गुरु नानक जयंती मनाई

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रथम सिख गुरु, श्री गुरु नानक देव जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने गुरु नानक देव जी के जीवन पर आधारित संगीतमय भजन प्रस्तुत किए, जिनसे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम, कविताएँ और भाषण प्रस्तुत कर गुरु नानक देव जी के उपदेशों का संदेश दिया।विद्यालय की प्राचार्या डॉ. शालू सुबीन कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, एकता और प्रेम का संदेश देकर समाज को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## रजत जयंती समारोह में शिव विवाह नृत्य नाटिका देखकर नतमस्तक हो गए श्रद्धालु

# अनुशासन से किए गए कार्य में अवश्य मिलती है सफलता: संतोषी माता

### मां संतोषी आश्रम में आज कथा विश्राम, पूर्ण आहूति, कन्या पूजन व विशाल भंडारे की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम के दस दिवसीय रजत जयंती समारोह में श्रद्धालुओं की आस्था व उत्साह देखने लायक है। भक्तगण पूरी निष्ठा से हर अनुष्ठान में हिस्सा ले रहे हैं। 108 श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने नियम का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि निष्ठा, नियम व अनुशासन से किए गए हर कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने समझाया कि मां भगवती की आराधना करने के लिए निश्चित समय पर, निश्चित आसन व स्थान पर एक ही मंत्र का जाप करना चाहिए।

नियमित रूप से ऐसा करते हुए मंत्र जाप करने से वह प्रभावशाली सिद्ध होता है। स्वामी संतोषी माता ने कहा कि लेकिन इंसान थोड़ी ही देर में विचलित हो जाता है। इसलिए घबराने की अपेक्षा मां भगवती जगदंबा को सच्चे मन से पुकारना चाहिए। रजत जयंती समारोह में प्रस्तुत की गई शिव विवाह नृत्य नाटिका देखकर श्रद्धालु नतमस्तक हो गए।



**हिसार।** मां संतोषी आश्रम में शिव विवाह नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते कलाकार।

### मां संतोषी रजत समारोह

मां संतोषी आश्रम की प्रबंधन कमेटी के संयोजक राजमल काजल ने बताया कि रजत जयंती समारोह के अंतिम दिवस 5 नवंबर के लिए कथा विश्राम, पूर्ण आहूति, कन्या पूजन व विशाल भंडारे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन अनुष्ठानों में देशभर से हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन सीए बी. सी. गोयल, प्रमोद डालमिया, नरेश मूलचंदानी, ईश्वर अग्रवाल, सरोज दरगड़ व प्रवीन गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सुभाष बंसल, विजय ढल, कृष्णा गुप्ता, मधुर गुप्ता, सुप्रभा आर्या, राघव गोयल, संजय डालमिया, शांतिदेवी गर्ग व पुष्पा गुप्ता एवं राजमल काजल, मदनलाल गोयल, लोकनाथ सिंगल, सुशील बुड़ाकिया, मुकेश गर्ग ठसका वाले व अनिल महता सहित समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे। आठवें दिन नागपुर व कोलकाता के कलाकारों ने शिव विवाह नृत्य नाटिका प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरी। प्रसिद्ध निर्देशक व संचालक उज्ज्वल खाकोलिया के नेतृत्व में इस नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान शिव की महिमा व मां सती की निष्ठा के साक्षात दर्शन करने का अवसर मिला। इस नृत्य नाटिका को देखने के लिए दर्शकों की कोई सीमा नहीं रही।